हिन्दुस्तान

# सीआईएसएफ की साइक्लोथॉन पूरी

## समापन

**नईदिल्ली, प्र.सं.।** सीआईएसएफ की ओर से 25 दिनों से चलाई जा रही ग्रेट इंडियन कोस्टल साइक्लोथॉन का सोमवार को कन्याकुमारी में भव्य समापन हुआ। 11 राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों से होते हुए 6553 किलोमीटर की लंबी यात्रा पूरी कर जवान साइकिल पर कन्याकुमारी पहुंचे।

समापन समारोह में सीआईएसएफ के महानिदेशक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साइक्लोथॉन को सात मार्च को केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने राजदित्य चोल सीआईएसएफ क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र से वर्चुअल रूप से झंडी दिखाकर रवाना किया था। इस पहल का मुख्य उद्देश्य स्थानीय निवासियों को तट प्रहरी के रूप में सम्मानित करना और उनके अमूल्य योगदान को मान्यता देना था।



सीआईएसएफ की ग्रेट इंडियन कोस्टल साइक्लोथॉन का सोमवार को कन्याकुमारी में समापन हुआ। ● हिन्दुस्तान